आयोजन

गायत्री महायज्ञ में उमड़ा जनसैलाब, जन्मोत्सव और दीपोत्सव के साथ हुई पूर्णाहुति, बबलिया में हुआ पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का समापन

# विचार क्रांति से ही बदलेगा समाज



**नारायणगंज, नवभारत।** ग्राम देवरी कला बबलिया में विगत दिवस पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, प्रज्ञा प्रवचन और दीपोत्सव का भव्य आयोजन संपन्न हुआ।

शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में संगीत और प्रवचनों के माध्यम से गुरुदेव और माताजी का पावन संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया। बताया गया कि पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ संपन्न करने के लिए शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में मंडला की शक्तिपीठ के प्रबंधक संदीप साहू, आरएस मरकाम, जयंत वर्मा द्वारा निरंतर प्रचार प्रसार बबलिया के आसपास के गांव का दौरा करके ग्रामीणों से संपर्क करके पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।

कथा वाचक पटेल, ढोलक मास्टर कार्तिकेय और हारमोनियम मास्टर कुशराम की टोली ने मधुर भजनों और प्रेरक प्रवचनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान गर्भाधान संस्कार से लेकर विवाह संस्कार तक की विधिवत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि परिवार में बच्चों को कैसे सुसंस्कारित किया जाए और समाज में समरसता के साथ आदर्श जीवन कैसे जिया जाए। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने नशा मुक्ति अभियान में बढ़-चढ़कर योगदान देने और बुराइयों को छोडने् का सामूहिक संकल्प लिया।

### अतिथियों ने साझा किए विचार

महोत्सव में मुख्य रूप से उपस्थित क्षेत्रीय सांसद की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री कुलस्ते ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे अनुष्ठान मनुष्य के विचारों में क्रांति लाने का कार्य करते हैं। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ. विजय सर्वटे ने यज्ञ की महत्ता बताते हुए कहा कि हवन से न केवल वायुमंडल का शुद्धिकरण होता है, बल्कि मनुष्य के अंतर्मन में भी सकारात्मक परिवर्तन आता है। नारायणगंज जनपत पंचायत अध्यक्ष आशाराम भारतीया ने कहां कि ऐसे धार्मिक विचार और गायत्री महायज्ञ से समाज में बदलाव लाने का विचार अत्यंत सराहनीय है। पत्रकार रोहित चौकसे ने भी गायत्री महायज्ञ के माध्यम से जनजागृति के प्रयासों की सराहना की। बबलिया पीएससी के मेडिकल ऑफीसर डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहां कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत है।

### जन्मोत्सव की खुशियां

कार्यक्रम के अंतिम चरण में बाबूलाल यादव का जन्मोत्सव वेद मंत्रों और पुष्प वर्षा के साथ मनाया गया। उपस्थित सभी लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय सरपंच देवचरण पंद्राम, उपसरपंच संजय सोनी, दुर्गा समिति युवा मण्डल बबलिया एवं समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

# अनियंत्रित होकर पलटा रेत से भरा हाईवा

बेलगाम दौड़ रहे ओवरलोड हाईवा बने मुसीबत, कार्रवाई के नाम पर प्रशासन मौन



**उदयपुर/बीजाडांडी।** बीजाडांडी थाना अंतर्गत ग्राम उदयपुर में शनिवार देर रात करीब 2 बजे एक अनियंत्रित हाईवा डिवाइडर से टकराकर सड़क के बीचों-बीच पलट गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त सड़क पर आवाजाही कम थी, वरना एक बड़ी जनहानि हो सकती थी। घटना में हाईवा चालक और कंडक्टर को मामूली चोटें आई हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हाईवा रेत से भरा हुआ था और काफी तेज रफ्तार में था। चालक को नींद का झोंका आने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर की रेलिंग तोड़ते हुए सड़क पर पलट गया। बताया गया कि यदि हाईवा डिवाइडर से न टकराकर पास ही स्थित ढाबा की ओर पलटता, तो वहां सो रहे लोग काल के गाल में समा सकते थे। हादसे के बाद हाईवा में भरी रेत पूरी सड़क पर फैल गई, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ।

**नियमों को ठेंगा दिखा रहे ओवरलोड वाहन-** क्षेत्र के निवासियों में इन बेलगाम दौड़ते हाईवा को लेकर भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि ज्यादा फेरे लगाने के लालच में चालक अपनी नींद पूरी नहीं करते और रात-दिन वाहन दौड़ाते हैं, जो हादसों का मुख्य कारण बन रहा है। हैरानी की बात यह है कि मंडला से उदयपुर तक कई थानों के सामने से ये ओवरलोड हाईवा बेखौफ गुजरते हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इन पर लगाम कसने के बजाय केवल दुपहिया वाहन चालकों पर ही कार्रवाई करने में मुस्तैद नजर आते हैं।

इन ओवरलोड वाहनों से उड़ने वाली रेत अब दोपहिया वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। सड़क किनारे रेत की परतें जम गई हैं और तेज रफ्तार हाईवा से उड़ने वाली रेत चालकों की आँखों में घुसती है, जिससे वे असंतुलित होकर गिर रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले भी इसी मार्ग पर एक हाईवा सड़क से 15 फीट नीचे जा गिरा था, फिर भी प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इन बेलगाम और ओवरलोड हाईवा पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए जिससे भविष्य में किसी मासूम की जान न जाए।

# खेरमाई मंदिर से निकली 175 कलशों की विसर्जन यात्रा



कन्याभोज और भंडारे के साथ चैत्र नवरात्रि का समापन

**उदयपुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम उदयपुर स्थित प्रतिष्ठित खेरमाई माता मंदिर में शक्ति की उपासना का पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। नौ दिनों तक चली विशेष पूजा-अर्चना और अनुष्ठान के बाद 10वें दिन माता के जवारों का भव्य विसर्जन किया गया।

आयोजन समिति द्वारा नवरात्रि के नौवें दिन मंदिर परिसर में भव्यता के साथ माता की उपासना की गई। इस अवसर पर विशाल कन्याभोज और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। पूरे अनुष्ठान के दौरान ग्राम के सभी समुदायों और वर्गों के लोगों का सराहनीय सहयोग देखने को मिला, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। दशमी तिथि को खेरमाई मंदिर से जवारा विसर्जन यात्रा प्रारंभ हुई। लगभग 175 कलश और जवारे लेकर महिलाएं और श्रद्धालु जब मुख्य मार्गों से निकले, तो एक अद्भुत दृश्य निर्मित हो गया। ढोल-नगाड़ों और माता के जयकारों के साथ यह विशाल जनसमूह मंदिर से स्थानीय जलाशय पहुँचा, जहाँ विधि-विधान के साथ जवारों का विसर्जन किया गया।

इस धार्मिक कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच बलदेव परते, उपसरपंच जगदीश यादव, गोविन्द कछवाहा, श्रीचन्द साहू, शंकर मरावी, सोनू कुशराम, तुलसी मरावी और रामनाथ उपस्थित रहे। साथ ही सचिन झिकराम, कमलेश झारिया, रतन नेटी, कमलेश दुबे, रोहित कुशराम, बबलू चक्रवती, अमित श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, राजेंद्र श्रीवास्तव, दस्सी पण्डा, कमल परते सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# सड़क से संसद तक शिक्षकों के सम्मान की लड़ाई

रिटायर्ड चीफ जस्टिस रविशंकर झा करेंगे मप्र के शिक्षकों की पैरवी, सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर



**अंजनिया।** मध्य प्रदेश के लगभग दो लाख शिक्षकों के भविष्य से जुड़े शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) प्रकरण ने अब नया मोड़ ले लिया है। शिक्षकों के हितों के लिए संघर्षरत संगठन मप्र ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन ने इस मामले की प्रभावी पैरवी के लिए सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। संगठन ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश रविशंकर झा को अपना अधिवक्ता नियुक्त किया है।

एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता संजीव सोनी ने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष डीके सिंगौर के नेतृत्व में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में दो दिनों तक गहन मंथन और वरिष्ठ अधिवक्ताओं से परामर्श के बाद यह ऐतिहासिक निर्णय लिया। पूर्व न्यायाधीश रविशंकर झा, जो जबलपुर हाई कोर्ट में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं, अब सुप्रीम कोर्ट में शिक्षकों का पक्ष मजबूती से रखेंगे।

### न्यायालयीन और विधायी स्तर पर प्रयास

जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव ने बताया कि संगठन का प्राथमिक उद्देश्य न्यायालयीन स्तर पर ही इस गंभीर स्थिति का निराकरण कराना है। इसी कड़ी में सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की जा रही है। संगठन का तर्क है कि पूर्व में शिक्षकों का पक्ष उचित तरीके से सुना ही नहीं गया। न्यायालयीन लड़ाई के साथ एसोसिएशन विधायी स्तर पर भी सक्रिय है। इस संबंध में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मप्र के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह सहित कई सांसदों और विधायकों से संपर्क साधा गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर नियमों में संशोधन या अध्यादेश की दिशा में कदम उठाए जा सकें।

### संघर्ष का आह्वान

जिलाध्यक्ष दिलीप मरावी ने जिले के समस्त प्रभावित शिक्षकों से एकजुट होने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षकों के सम्मान और हक के लिए यह लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक जारी रहेगी। इस पहल से प्रदेश के लाखों प्रभावित शिक्षकों में न्याय की नई उम्मीद जगी है।

# नपं ने नहीं सुधारा कनेक्शन तो पार्षद ने स्वयं खोद दी पाइप लाइन



बम्हनी वार्ड 6 में पेयजल की समस्या, वार्डवासियो में नाराजगी

**बम्हनी बंजर।** नगर पंचायत बम्हनी बंजर में जल प्रदाय व्यवस्था कर्मचारियो की लापरवाही के चलते बिगड़ गई। यहां के वार्ड क्रंमाक छह में पिछले तीन माह से पेयजल की समस्या बनी हुई। वार्ड पार्षद से लेकर वार्डवासियो के द्वारा कई बार शिकायत करने के बाद पाइप लाइन व नल कनेक् शन का सुधार कार्य नहीं किया गया। परेशान होकर महिला वार्ड पार्षद ने स्थानीय रहवासियो के साथ मिलकर स्वयं की पाइप लाइन की खुदाई कर सुधार कार्य शुरू कर दिया। इसके बाद नगर पंचायत बम्हनी बंजर जलप्रदाय शाखा के कर्मचारी नहीं पहुंचे। इसको लेकर स्थानीय रहवासियो में नाराजगी देखी जा रही है।

जानकारी के अनुसार कि वार्ड नंबर 6 में बीते तीन महीनों से पानी की समस्या बनी हुई है। वार्डवासियों को पीने के पानी नहीं मिल रहा है। वार्डवासियो को पास के तालाब में दैनिक दिनचर्चा के लिए जाना पड़ रहा है। तालाब का पानी दूषित है। इससे रहवासियो को बीमारी हो रही है। यहां लगातार पेयजल की शिकायत करने के बाद भी समाधान नहीं होने रहवासियो में रोष देखा जा रहा है। गर्मी व तपन ब ढने् के साथ रहवासियो की समस्या बढ़ गई। इससे नाराज होकर वार्ड पार्षद अनुपमा यादव के द्वारा स्वयं ही पेयजल पाइल पाइन का सुधार कार्य करने के लिए कुदाली उठाकर खुदाई कार्य शुरू कर दिया गया। वार्ड पार्षद अनुपमा यादव का कहना है कि विगत महीनों पहले बिना किसी को जानकारी दिए वार्ड में बिजली का खंबा लगा दिया गया। जिसकी कोई जरूरत ही नही रही। विरोध के बाद खंबे को हटाया गया और ठीक वहीं पर पानी की पाइप लाइन खराब है। इसकी शिकायत नगर परिषद को दी लेकिन कोई कर्मचारी सुधार कार्य के लिए नही आया और ना ही नगर पंचायत सीएमओ के द्वारा कोई निरीक्षण किया गया। मामला सामने आने के बाद सीएमओ सफाई देते नजर आ रही है।

# प्रज्ञा धुर्वे ने हासिल किया प्रथम स्थान



**भुआ बिछिया।** राज्य शिक्षा केंद्र, द्वारा घोषित कक्षा पाँचवीं के परीक्षा परिणामों में बिछिया स्थित लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा प्रज्ञा धुर्वे ने शानदार सफलता अर्जित की है। प्रज्ञा ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के दम पर 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। प्रज्ञा, दानीटोला निवासी शिक्षक रविंद्र धुर्वे एवं प्रार्थना धुर्वे की सुपुत्री हैं। प्रज्ञा की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य सहित शिक्षकों ने प्रज्ञा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वे आगे भी इसी तरह अपनी प्रतिभा से परिवार और विद्यालय का नाम रोशन करती रहेंगी।

# नैनपुर में निकली भगवान श्रीराम की शोभायात्रा

मनमोहक झांकियों और डीजे की धुन पर थिरका नगर, उमड़ा जनसैलाब



**नैनपुर।** नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राम जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन रामधुन और दूसरे दिन विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न हुआ। इसके बाद रात्रि में भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे नगर को भक्तिमय कर दिया।

शोभायात्रा में भगवान राम और शिव जी की प्रतिमाओं के साथ-साथ लव जिहाद की जीवंत झांकी, मंकी मैन और बजरंगबली की स्वचालित झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। बाहर से आए डीजे साउंड और धमाल पार्टी की मधुर धुनों ने नगरवासियों को झूमने पर मजबूर कर दिया। युवाओं द्वारा रेस्ट हाउस के सामने विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं को पोहा और मठे की छाछ वितरित की गई।

### प्रशासन का अमला रहा मुस्तैद

कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद रहा। नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी, उपाध्यक्ष संजू लता वैष्णव, एसडीओपी मनीष राज, एसडीएम महादेव ठाकुर और थाना प्रभारी बलदेव सिंह मुजाल्दा सहित राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों ने सुरक्षा का मोर्चा संभाला। विद्युत विभाग और नगर पालिका की टीमें भी पूरी यात्रा के दौरान व्यवस्थाएं बनाने में कदम से कदम मिलाकर चलती रहीं। समिति के युवाओं के अथक प्रयास से यह आयोजन शांतिपूर्ण और गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ।

# सीढ़ी का छज्जा गिरने से मची अफरा-तफरी, तीन घायल



नगर पालिका की लापरवाही उजागर

**नैनपुर।** स्थानीय बस स्टैंड परिसर में रविवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते रह गया। यहाँ बस स्टैंड की सीढ़ी का एक ऊपरी हिस्सा (छज्जा) अचानक भरभराकर गिर पड़ा। जिस वक्त यह हादसा हुआ, पास ही स्थित दुकानों पर कई लोग नाश्ता कर रहे थे। मलबे की चपेट में आने से तीन लोगों को मामूली चोटें आई हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा सुबह के वक्त हुआ जब बस स्टैंड पर यात्रियों और स्थानीय लोगों की आवाजाही शुरू हो गई थी। अचानक सीढ़ी का एक हिस्सा गिरते ही वहां भगदड़ मच गई। गनीमत रही कि छज्जे का बड़ा हिस्सा सीधे किसी के ऊपर नहीं गिरा, वरना कोई बड़ी जनहानि हो सकती थी। घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार दिया गया है।

स्थानीय नागरिकों ने इस घटना के लिए नगर पालिका के संबंधित विभाग को जिम्मेदार ठहराया है। बताया जा रहा है कि बस स्टैंड का यह हिस्सा काफी समय से जर्जर और कमजोर हो चुका था, लेकिन बार-बार ध्यान दिलाए जाने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने इसकी मरम्मत की सुध नहीं ली। विभाग की इसी अनदेखी के कारण आज यह दुर्घटना घटी। लोगों में इस बात को लेकर खासा आक्रोश है कि यदि समय रहते इस जर्जर ढांचे को दुरुस्त कर लिया जाता, तो यात्रियों की जान जोखिम में नहीं पड़ती। ग्रामीणों ने मांग की है कि बस स्टैंड के बाकी जर्जर हिस्सों की भी तत्काल जांच कराई जाए।

# थाने के पीछे मैदान में मिला युवक का शव हत्या की आशंका

**महाराजपुर.** रविवार सुबह करीब 9 बजे महाराजपुर थाना क्षेत्र के पीछे स्थित मैदान में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों ने सुबह मैदान में शव पड़ा देखा, जिसकी सूचना मिलते ही महाराजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा भी मौके पर पहुंचे और निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस द्वारा शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पीएम के बाद शव परिजनो को सौंप दिया गया है। साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ की गई। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि घटना किन परिस्थितियों में हुई और इसके पीछे कौन जिम्मेदार है।

# श्रमिकों की लापरवाही से दर्जनों घरों के उपकरण जले, लाखों का नुकसान

हाई वोल्टेज से सहमी राजीव कॉलोनी, आक्रोशित रहवासियों ने किया चक्काजाम, पुलिस के हस्तक्षेप के बाद माने रहवासी



**देवदरा।** बीते दिवस राजीव कॉलोनी, झंडा चौक में रविवार दोपहर बिजली के वोल्टेज में आए अचानक भारी उतार-चढ़ाव ने जमकर तांडव मचाया। एक निर्माणाधीन मकान में काम के दौरान हुई गंभीर लापरवाही के कारण क्षेत्र के करीब दो दर्जन से अधिक घरों और दुकानों के कीमती इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर खाक हो गए। प्राथमिक अनुमान के अनुसार इस हादसे में रहवासियों को 10 लाख रुपए से अधिक की आर्थिक क्षति हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ग्राम देवदरा के राजीव कालोनी झंडा चौक के पास एक भवन में प्रथम मंजिल पर निर्माण कार्य चल रहा था। रविवार दोपहर मजदूर छत से सेंटिग की पटिया नीचे फेंक रहे थे। इसी दौरान एक पटिया सीधे नीचे से गुजर रही मुख्य विद्युत तार पर जा गिरी। भारी पटिया गिरने से शॉर्ट सर्किट हुआ। जिसके कारण पहले लो वोल्टेज और चंद सेकंडों में ही अचानक वोल्टेज बेहद हाई वोल्टेज हो गया। स्थानीय निवासी कुछ समझ पाते उसके पहले ही दर्जनों घरों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से एक के बाद एक आवाजें आने लगी और जल गए।

### पलक झपकते ही जल गए उपकरण

स्थानीय निवासी पंकज केशरवानी, अशोक सिंगरौले, शिव कुमार ने बताया कि इस अचानक आए बिजली के झटके को घरों में चालू हालत में रखे उपकरण बर्दाश्त नहीं कर पाए। अनिल यादव ने बताया कि पलक झपकते ही घरों और दुकानों में लगे पंखे, कूलर, टीवी, फ्रिज, लैपटॉप, एसी और अन्य कीमती इलेक्ट्रॉनिक उपकरण धूं-धूं कर जल गए और घरों से धुआँ निकलने लगा। इस हादसे से करीब 25 परिवार सीधे तौर पर प्रभावित हुए हैं, जिनका लाखों का नुकसान हुआ है।

हादसे के बाद बिजली विभाग की टीम ने मौके पर पहुँचकर सुधार कार्य शुरू किया, लेकिन लोगों के सामान की भारी क्षति हो चुकी थी। घटना के बाद जब पीड़ित रहवासियों ने निर्माणाधीन मकान के ठेकेदार से संपर्क करने का प्रयास किया, तो वह नहीं मिला। मकान मालिक ने शुरुआत में इलेक्ट्रिशियन बुलाकर सर्वे कराने की बात कही, लेकिन काफी देर तक कोई कार्रवाई न होने पर रहवासियों का आक्रोश फूट पड़ा। उत्तेजित भीड़ ने झंडा चौक मार्ग पर चक्काजाम कर दिया, जिससे करीब आधे घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। माहौल गरमाता देख कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया और अंततः मकान मालिक व प्रभावितों को थाने ले जाया गया।

### थाने में हुआ समझौता

कोतवाली थाने में पुलिस की मौजूदगी में हुई चर्चा के बाद मकान मालिक ने प्रभावित रहवासियों को आश्वस्त किया है कि वह इलेक्ट्रिशियन के माध्यम से सभी घरों का सर्वे कराएंगे और हुए नुकसान की भरपाई की दिशा में उचित कदम उठाएंगे। इस आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।

### तारों का जाल दे रहा हादसों को न्यौता

राजीव कॉलोनी के रहवासियों ने बताया कि क्षेत्र में कई स्थानों पर विद्युत तारों का जाल बिछा हुआ है, जो घरों के बेहद करीब से गुजरते हैं। इसके कारण हमेशा हादसों का अंदेशा बना रहता है। जहाँ यह हादसा हुआ, वहां भी मेन पोल से कनेक्शन का तार आसपास के घरों के पास से गया है, जिसमें सेंटिग गिरने से यह बड़ी क्षति हुई है। रहवासियों ने बिजली विभाग से इन तारों को व्यवस्थित करने की मांग भी की है।